**निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण में प्रयुक्त होने वाले पिलर की संरचना के दर निर्धारण पर निर्णय हेतु दिनांक– 02.11.2020 को आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

<u>उपस्थितिः</u>– यथा पंजी संधारित।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त बैठक आयोजित करने के उद्देश्यों से बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। वर्त्तमान में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत हवाई सर्वेक्षण का कार्य चयनित एजेंसियों द्वारा कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एकरारनामा के शर्त्तों एवं तकनीकी मार्गदर्शिका/NLRMP मार्गदर्शिका के शर्त्तों/निदेशों के अनुसार सर्वेक्षण कार्य हेतु Primary, Secondary & Tertiary Control Point का निर्माण/निर्धारण किया जाना है। उक्त के आलोक में एकरारनामा के शर्त्तों के अनुसार NLRMP मार्गदर्शन के अनुसार Tertiary Control Point का निर्माण कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि वर्त्तमान में किए जा रहे बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता/शुद्धता के लिए NLRMP मार्गदर्शिका में उल्लेखित कार्यों को कराया जाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में उत्पन्न होने वाले भू–विवाद इत्यादि से बचा जा सके।

1. निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा जानकारी उपलब्ध कराया गया कि दिनांक– 18.04.2018 को विभागीय प्रधान सचिव की अध्यक्षता में हुए बैठक के कंडिका– 2.6 में त्रिसीमाना, पिलर पर आने वाले लागत के भुगतान के संबंध में आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया। साथ ही उक्त बैठक के कार्यवाही में यह भी अंकित है कि त्रिसीमाना के पिलर में निर्धारित संरचना के प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति की मांग निदेशालय द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना से किया गया है।

इस संबंध में पूर्व में दिनांक– 08.08.2017 को विभागीय प्रधान सचिव की अध्यक्षता में हुए बैठक के कंडिका– iv में त्रिसीमाना के लिए पिलर के आकार पर निर्णय लिया गया, जिसमें इसका आकार– 23सेमीx23सेमीx75सेमी निर्धारित किया गया तथा उक्त पिलर का 75सेमी में 45सेमी जमीन के अंदर रहेगा, उस पर निर्णय लिया गया था।

मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या– 407(अनु0) दिनांक– 04.05.2018 द्वारा प्रति पिलर 399 रूपये का दर तकनीकी स्वीकृति के साथ दिया गया। साथ ही मुख्य अभियंता (निरूपण), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 291 (नि0) अनु0 दिनांक– 05.04.2018 द्वारा प्रति पिलर 650 रूपये का दर तकनीकी स्वीकृति के साथ उपलब्ध कराया गया है।

उक्त तकनीकी विभागों द्वारा जो प्रति पिलर दर दिया गया उसमें सामग्रियों की ढुलाई एवं परिवहन दर अंकित नहीं किए जाने का तथ्य अंकित है।

2. श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, बी0पी0एम0यू0, द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों में से जी0आई0एस0 कॉसोर्टियम इंडिया प्रा0लि0, नई दिल्ली द्वारा प्रति पिलर 5450 रूपये मात्र जी0एस0टी0 रहित दर निर्धारित कर प्रतिवेदित किया गया है, जिसमें त्रिसीमाना के प्रति पिलर के दर में पिलर निर्माण, इसे खड़ा करने, इसे गाड़ने और डी0जी0पी0एस0 कोंडिनेट ऑब्जर्वेशन लिये जाने का दर भी सम्मिलित किया गया है।

श्री कुमार ने यह भी बताया कि आई0एल0 एण्ड एफ0एस0, नई दिल्ली, आई0आई0सी0, हैदराबाद एवं जी0आई0एस0 कॉसोर्टियम, नई दिल्ली द्वारा 19 फरवरी 2018 को सम्मिलित रूप से त्रिसीमाना के पिलर का दर प्रति पिलर 5250 रूपये मात्र जी0एस0टी0 रहित दर निर्धारित करते हुए प्रतिवेदित किया गया, जिसमें निम्न प्रकार से मदवार व्यय हेतु दर निर्धारित किया गया है:–

| S No. | Cost Head | Amount (in Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Ground Feasibility Study for identification of location for Tri-junction Point establishment | 600 |
| 2 | Pillar casting with concrete as per the specification & making the structure ready | 1500 |
| 3 | Transportation of ready pillar to the identified location | 400 |
| 4 | Labour charges for transportation of pillar from the nearest road access to the identified location | 1000 |
| 5 | Monumentation activity on ground including digging | 250 |
| 6 | DGPS Observation at the established Tri-junction point and alignment to Ground Control Network | 1500 |
| **Total** | | **5250** |

3. उपस्थित सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा बताया गया कि हवाई एजेंसी द्वारा निर्धारित दर के संबंध में एकरारनामा का अध्ययन अपेक्षित प्रतीत होता है। साथ ही विभिन्न व्यय के अवयव निरर्थक दिये गये प्रतीत होते है। इस संबंध में एजेंसी के साथ बैठक कर दिये गये दर पर पुनः विचार अपेक्षित प्रतीत होता है।

4. पथ निर्माण विभाग एवं भवन निर्माण के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि वर्ष – 2020 में त्रिसीमाना के पिलर का निर्माण का दर नए सिरे से निर्धारित किया जाना अपेक्षित है।

बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि –

(क) चुकि पथ निर्माण विभाग एवं भवन निर्माण विभाग का दर वर्ष– 2018 का है, अतः अद्यतन त्रिसीमाना के पिलर निर्माण के दर की प्राप्ति उन विभागों से कर ली जाय।

(ख) श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, बी0पी0एम0यू0, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशाालय, बिहार, पटना एजेंसी द्वारा प्रस्तावित दर के आलोक में वास्तविक कार्य एवं एकरारनामा के आधार पर दिये गये दर पर मंतव्य सहित प्रस्ताव देंगे।

(ग) अगली बैठक में सभी इस बैठक के पदाधिकारियों के अतिरिक्त तीन हवाई एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, ताकि त्रिसीमाना के पिलर के दर के संबंध में उनसे वार्त्ता कर किसी निर्णय पर पहुँचा जा सके।

(घ) वर्त्तमान परिपेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए Secondary & Tertiary Control Point (त्रिसीमाना) के पिलर की आवश्यकता एवं इसके आकार पर भी विचार किया जाना आवश्यक है।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः** –.17–वि0सर्वे0 (Monumentation)-284/2019....11103.... **पटना, दिनांक** :–05-11-2020

**प्रतिलिपिः**– श्री कंचन कपुर, संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना/ श्री विरेन्द्र कुमार पासवान, संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–आंतरिक वित्तीय सलाहकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना/ सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/सहायक अंतरिक वित्तीय सलाहकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–वि0सर्वे0 (Monumentation)-284/2019....11103.... **पटना, दिनांक** :–05-11-2020

**प्रतिलिपि** :– मुख्य अभियंता,केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (निरूपण) भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–वि0सर्वे0 (Monumentation)-284/2019....11103.... **पटना, दिनांक** :–05-11-2020

**प्रतिलिपिः**– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0, आई0एल0एण्डएफ0एस0, जी0आई0एस0 कंसोर्टियम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–वि0सर्वे0 (Monumentation)-284/2019....11103.... **पटना, दिनांक** :–05-11-2020

**प्रतिलिपि** :– जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी पदाधिकारी, तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–वि0सर्वे0 (Monumentation)-284/2019....11103.... **पटना, दिनांक** :–05-11-2020

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप